ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने वाल्मीकि नगर (बिहार) के लोकसभा सांसद श्री बैद्यनाथ प्रसाद महतो के असामयिक निधन पर शोक–संवेदना व्यक्त की

पटना, 28 फरवरी 2020

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने बिहार के वाल्मीकि नगर से निर्वाचित लोकसभा सांसद श्री बैद्यनाथ प्रसाद महतो के असामयिक निधन पर अपनी गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की है।

राज्यपाल ने अपने शोकोद्‍गार में कहा है कि सांसद श्री बैद्यनाथ प्रसाद महतो के निधन से राजनीतिक जगत् को अपूरणीय क्षति हुई है। राज्यपाल ने कहा है कि स्व॰ महतो समाज के हर तबके, विशेषकर आम गरीब जनता में बहुत लोकप्रिय थे।

राज्यपाल ने दिवंगत नेता की आत्मा को चिरशांति तथा उनके शोकाकुल पारिवारिक जन एवं प्रशंसकों को धैर्य–धारण की क्षमता प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

....